# भर्ती नियमों की उलझनें हुई खत्म, 20 सितंबर को है पटवारी परीक्षा

- आखिरकार शासन ने पटवारी भर्ती नियमों की उलझनें दूर कर लीं हैं। इसके साथ ही सागर समेत प्रदेश के सभी जिले में पटवारियों के पद भी बढ़ा दिए गए हैं। ऑनलाइन पटवारी भर्ती परीक्षा की डेट फिक्स हो गई है। 20 सितंबर को पटवारियों की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा आयोजित होगी।
- जिले में पटवारी के नए 246 पद स्वीकृत किए गए। पूर्व में स्वीकृत पदों की संख्या 396 थी। नए पदों को मिला अब पटवारियों के कुल 662 पद हो गए हैं। आयुक्त भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त कार्यालय पटवारी भर्ती परीक्षा का प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता, नियम आदि के लिए 31 जुलाई तक विज्ञापन जारी करेगा है। परीक्षा परिणाम पांच अक्टूबर को घोषित हो सकता है। पटवारी पद पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं परीक्षण 20 अक्टूबर को होगा। इसके 10 दिन बाद उन्हें नियुक्ति आदेश दिए जा सकते हैं।
- प्रदेश में पूरे चार वर्षों से पटवारी की भर्ती नहीं की गई। इससे सैकड़ों उम्मीदवारों को ओवरएज होने का डर था। पिछली परीक्षा वर्ष 2012-13 में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कराई गई थी। जिसमें प्रदेश के मूल निवासी ही पात्र थे। पिछले दिनों राजस्व विभाग ने भर्ती नियम तो तैयार कर लिए थे। लेकिन संवर्ग को लेकर मामला रूका था। अब उसे दूर कर लिया गया है।
- गौर तलब है कि करीब चार महीने पहले पटवारी भर्ती परीक्षा कराने का जिम्मा शासन ने प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड को सौंपा था। इसी के बाद बोर्ड ने अपने परीक्षा कार्यक्रम में इसे शामिल कर लिया था। इसकी जानकारी वेबसाइट पर डाली गई। लेकिन कुछ समय बाद जानकारी साइट से अचानक हटा दी गई थी।

## ट्रेनिंग कोर्स में बदलाव

- विभाग में पहले से ही पटवारियों की कमी है, इसके चलते राजस्व संबंधी काम प्रभावित हो रहा है। अब राजस्व विभाग ने पटवारी भर्ती नियमों में संशोधन कर दिया है। पटवारियों की पात्रता परीक्षा के बाद उन्हें दी जाने वाली ट्रेनिंग में भी बदलाव किया गया है। चूंकि ट्रेनिंग मॉडयूल पुराना हो चुका था, इसलिए नई टेक्नोलॉजी को भी ट्रेनिंग कोर्स में शामिल किया गया। भर्ती परीक्षा के नियमों को विभाग ने तैयार करने और पटवारियों के संवर्ग को फाइनल करने के बाद अब सितंबर में आयोजित करने का निर्णय ले लिया गया है।
- यह हैं नए और पूर्व से स्वीकृत पद रू सागर में नए स्वीकृत पदों की संख्या 246 है। पूर्व में 396 पद स्वीकृत थे। हालांकि जिले में पटवारी के 200 पद बढ़ाने जाने के लिए पिछले साल पत्र सीएलआर कार्यालय को भेजा गया था। 246 नए पदों को मिलाकर जिले में अब पटवारी पदों की संख्या 662 तक पहुंच गई है।

## संभाग के अन्य जिले में भी बढे हैं पद

| | | | |
|---|---|---|---|
| दमोह | 215 | 145 | 360 |
| पन्ना | 238 | 120 | 358 |
| छतरपुर | 373 | 177 | 550 |
| टीकमगढ़ | 298 | 199 | 497 |